卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 159 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦18 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# चुनावी बॉण्ड पर सब कुछ सार्वजनिक हो: सुप्रीम कोर्ट

## आधी अधूरी जानकारी पर स्टेट बैंक को फिर पड़ी फटकार, पूरी जानकारी के लिए तीन दिन का दिया समय

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में स्टेट बैंक को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान सख्त लहजे में कहा कि एसबीआई चेयरमैन को 21 मार्च 5 बजे तक सारी जानकारी साझा करनी होगी। इसके लिए बकायदा एक हलफनामा भी दाखिल करना होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग के पास एसबीआई से जैसे ही जानकारी आती है वो अपनी वेबसाइट पर उसे अपलोड करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस मुद्दे पर कुछ भी छुपाया नहीं जाना चाहिए। सबकुछ सार्वजनिक करना होगा। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने भारतीय स्टेट बैंक से पूछा कि आपने ने पूरी जानकारी क्यों नहीं दी? सीजेआई ने कहा, फैसले में स्पष्ट था कि सभी विवरणों का खुलासा किया जाना चाहिए। कुछ भी चयनात्मक नहीं होना चाहिए। कोर्ट के आदेशों पर निर्भर मत रहिए। सभी इमेजिनेबल जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए। एसबीआई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य हैं।



एसबीआई के वकील हरीश साल्वे ने कहा, हमने आदेश को जिस तरह समझा उसका जिक्र करता हूं। हमने पूरी जानकारी तरतीब से साझा करने के लिए ही वक्त मांगा था। इस पर सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने तो पिछली सुनवाई में एसबीआई को नोटिस जारी किया था। क्योंकि हमने आदेश में पूरी जानकारी देने के लिए कहा था। लेकिन एसबीआई ने बॉन्ड नंबर नहीं दिया। एसबीआई पूरे आदेश का पालन करे। सभी बॉन्ड के यूनिक नंबर यानी अल्फा न्यूमेरिक नंबर निर्वाचन आयोग को मुहैया कराए। हम यह स्पष्ट करते हैं। सीजेआई ने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनावी बॉन्ड्स से संबंधित सभी जानकारी का खुलासा किया जाए, जो आपके पास है। एसबीलआई का रवैया ऐसा है कि अदालत बताए कि किस-किस का खुलासा करना है। सीजेआई ने एससीबीए के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल से कहा कि चुनावी बांड पर सीजेआई को लिखा गया उनका पत्र पब्लिसिटी स्टंट है। सीजेआई ने कहा कि अगर बॉन्ड को भुनाया जाता था तो ये कैसे पता चलता है कि वो फेक नहीं है? इस पर साल्वे ने कहा कि हम धनराशि का पता लगाते हैं। केंद्र की तरफ से एसजी मुकुल रोहतगी ने कहा कि आपने फैसला दिया। लेकिन (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मासूम बच्ची को पिता ने उतारा मौत के घाट

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित हनुमान कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पांच वर्ष की पुत्री पर किसी भारी चीज से वार कर दिया। गंभीर घायल बच्ची ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों के मुताबिक हत्यारा पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद हनुमान कालोनी निवासी नन्हे सिंह ने अपनी पांच वर्ष की पुत्री को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोपहर ढाई बजे की यह घटना बताई जा रही है। घायल बच्ची को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में परिजन उपचार के लिए ले गये जहां उसकी रात में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और परिजनों से पूछताछ कर की है। बताया जा रहा है कि किसी बात की कहासुनी को लेकर पिता को गुस्सा आ गया जिसके बाद पिता ने अपनी बच्ची के सिर पर किसी भारी चीज से वार कर दिया। बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।



# हादसे में पिकप चालक की मौत,हैल्पर गंभीर

## किच्छा मार्ग टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन ने पिकप को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि किच्छा मार्ग पर टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उत्तर प्रदेश से दूध ला रही पिकअप के चालक की मौत हो गई जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम बली परीक्षत तहसील मुवाना निवासी 28 वर्षीय राधेश्याम पुत्र जगवीर



सिंह हेल्पर ग्राम ढाका तहसील मितौली लखीमपुर खीरी निवासी अमित कुमार पुत्र राम दत्त के साथ पिकअप संख्या यूपी 31 एपी 5543 में गोला गोकर्णनाथ से दूध लेकर आ रहा था। जब वह यहां किच्छा मार्ग पर पहुंचा तो टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने पिकअप को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिकअप चालक राधेश्याम व हेल्पर अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। चालक राधेश्याम ने कुछ ही देर में मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद वहां वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से घटना की (शेष पृष्ठ 7 पर)

# आज रात होगी हरिद्वार और नैनीताल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा!

देहरादून(उद संवाददाता)। हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर प्रत्याशी चयन के लिए बीते कई दिनों से असमंजस से जूझ रही कांग्रेस आज देर रात तक प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पांचों सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान करके चुनाव प्रचार अभियान तेज कर चुकी है, जगह जगह भाजपा ने अपने चुनाव कार्यालय भी खोल लिये हैं। लेकिन कांग्रेस अभी तक प्रत्याशियों के चयन में ही उलझी हुयी है। प्रदेश की पांच सीटों में से तीन सीटों पर ही कांग्रेस अपने प्रत्याशी घोषित कर पायी है। हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा सीट पर बीते कई दिनों से पेंच फंसा हुआ है। दोनों सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए कई बार बैठकों में मंथन हो चुका है लेकिन एक राय नहीं बन पा रही है। बताया जाता है कि हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने पुत्र वीरेंद्र रावत के लिए टिकट की मांग पर अड़े हैं जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा खुद यहां से टिकट के दावेदार हैं। ऐसे में दोनों ही दिग्गजों ने टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है। हालांकि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस के टिकट की दौड़ में निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी शामिल हैं। पार्टी (शेष पृष्ठ सात पर)



# खूनी संघर्ष में एक युवक की मौत, तीन गंभीर

रुड़की(उद ब्यूरो)। निकटवर्ती पनियाला गांव में दो पक्षों के रविवार रात नमाज के बाद खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे एवं धारदार हथियार चले जिसमें युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद तनाव के चलते मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गयी है। जानकारी के अनुसार गंग नहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला गांव निवासी सद्दाम का गांव के दूसरे पक्ष के साथ शनिवार को एक प्लाट में खेलने के दौरान विवाद हुआ था। इसे लेकर दोनों पक्षों में तनातनी बनी थी। रविवार की रात नमाज पढ़ने के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर धारदार हथियार और लाठी डंडे चले। जिसमें चाकू लगने से 23 वर्षीय सद्दाम समेत तीन और लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर गांव में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को रुड़की के सिविल अस्पताल में भेजा। सिविल अस्पताल में चिकित्सक ने सद्दाम को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद तनाव के चलते मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



# आपत्तिजनक फोटो खींच महिला से दुराचार का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। परिवार के साथ किराए पर रहने वाली महिला के आपत्तिजनक फोटो खींच कर भवन के अन्य किरायेदार ने उससे दुराचार की कोशिश की। अपने प्रयास ने नाकाम होने पर उसने खींची फोटो महिला के पति को दिखा दी। जिसके बाद उक्त किरायेदार व भवन स्वामी महिला तथा उसके पति को धमकाने लगे। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी है। वहां परिवार के साथ किराए पर रहती है।जिस मकान में वह रहती है उसी मकान में एक अन्य व्यक्ति भी किराए पर रहता हैं। वह काफी समय से उस पर गलत नजर रखता है और एक दिन जबरन दोपहर में कमरे में घुसा और डरा धमका कर उसकी आपत्ति जनक फोटो खींच ली। इसका विरोध करने पर वह पति को जान से मरवा देने की धमकी देता है। आरोप है वह व्यक्ति उसके कमरे में रखे 30 हजार रूपए निकाल कर ले गया। उक्त व्यक्ति ने कई बार उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। परंतु डर की वजह से उसने अपने पति को कुछ नहीं बताया। 17 (शेष पृष्ठ सात पर)

# खर्राटे लेने पर युवक को उठा ले गयी पुलिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में घर से सोये सिडकुल कर्मी को ड्यूटी के बाद घर में सोने के दौरान खर्राटे लेना भारी पड़ गया। भवन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी श्रमिक को उसके कमरे से पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लेकर समझा बुझाकर छोड़ दिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प निवासी श्रमिक रात की ड्यूटी कर कमरे में वापस लौटा था। सोने के दौरान वह जोर जोर से खर्राटे लेने लगा। जिससे परेशान होकर भवन स्वामी ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से कर दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो श्रमिक नींद में (शेष पृष्ठ सात पर)



# मेहमानदारी में आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने भांजे की गुमशुदगी की सूचना पुलिस की देकर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। गली 2 राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी रेखा साहू ने कहा है की उसका 28 वर्षीय भांजा शिवम गुप्ता उर्फ राजन 15 मार्च कुंडा को हल्द्वानी में मेहमानदारी में आया था। वह 17 मार्च को अचानक लापता हो गया। उसका फोन भी बंद आ रहा है। अपने भांजे की खोजबीन को लेकर रिश्तेदारों व आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। रेखा साहू ने भोटिया पड़ाव चौकी पहुंच कर चौकी इंचार्ज देवेंद्र राणा को तहरीर सौंपकर शिवम की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने शिवम की तलाश शुरू करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शिवम कुंडा में इंजीनियर के पद पर तैनात है।



# उत्तराखंड में चुनाव से पहले ही चढ़ने लगा भगवा रंग

## पौड़ी और टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट पर भाजपा की सियासी सेंधमारी से कांग्रेस हलकान भाजपा के ज्वाइनिंग अभियान में अब तक 12000 से ज्यादा लोग शामिल, संपर्क में भी कई नेता

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का दौर खत्म ही नहीं हो रहा है। रविवार को कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे। टिहरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विरष्ठ नेता धन सिंह नेगी और बदरीनाथ विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी ने पार्टी छोड़ दी। वहीं तीन दिन में आठ बड़े नेताओं के इस्तीफे से पार्टी में हड़कंप मचा हुआ है। उधर राजेंद्र भंडारी ने दिल्ली में भाजपा ज्वाइन कर ली है। सीएम पुष्कर सिंह धामी, मंत्री पीयूष गोयल , पौड़ी सीट से उम्मीदवार अनिल बलूनी और उत्तराखंड भाजपा प्रभारी दुष्यंत गौतम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उत्तराखंड में चुनाव से पहले ही भाजपा ने मोदी मैजिक का डंका बजाना शुरू कर दिया है। गढ़वाल मंडल की दो लोकसभा सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दल कांग्रेस में बड़ी सेंधमारी कर कई नेताओं और पूर्व विधायकों को अपने पाले में शामिल कर कड़ी चुनौती पेश की है। भाजपा के इस दांव से कांग्रेस की सियासी जमीन खिसक चुकी है। सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस मुक्त अभियान की रणनीति से गढ़वाल कांग्रेस मुक्त हो रहा है। टिहरी गढ़वाल में दो पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने के झटके के बाद बदरीनाथ सीट के विधायक राजेंद्र भंडारी ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। विधायक के इस्तीफे से कांग्रेस स्तब्ध है और भाजपा गढ़वाल संसदीय सीट के कांग्रेस मुक्त होने से उत्साहित है। गढ़वाल सीट में 14 विधानसभा सीटों में बदरीनाथ ही अकेली कांग्रेस के पास थी। तीन बार के विधायक भंडारी चमोली जिले की राजनीति में प्रभाव रखते हैं। जिला पंचायत सीट पर उनके परिवार का राज रहा है। अध्यक्ष पद पर उनकी पत्नी रजनी भंडारी काबिज हैं। हालांकि टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर भंडारी और सत्तारूढ़ भाजपा में काफी कड़वाहट रही है। अब भाजपा में उनके आने के बाद मिठास घुलनी तय है। भंडारी ने तब भी कांग्रेस नहीं छोड़ी थी, जब सतपाल महाराज भाजपा में गए थे और उनका बेहद करीबी होने के नाते सियासी हलकों में भंडारी के भी कांग्रेस को अलविदा कहने की चर्चाएं गर्म थीं। 2022 का चुनाव कांग्रेस से लड़े। भंडारी को कांग्रेस से तोड़ लेने और भाजपा में जोड़ लेने अभियान में जुटे। भाजपा के



प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कहते हैं, भंडारी से लंबी मंत्रणा हुई और वह भाजपा की विचारधारा से जुड़ने को तैयार हुए। बता दें कि भट्ट को बदरीनाथ सीट से भंडारी ने ही हराया था। भट्ट राज्यसभा में पहुंच चुके हैं। इसलिए बदरीनाथ सीट पर भंडारी ही पार्टी के अगले उम्मीदवार होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने मुताबिक जो भी विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर भाजपा में आएगा उसे पार्टी उपचुनाव में उम्मीदवार बनाएगी। लिहाजा बदरीनाथ उपचुनाव में भंडारी का भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ना तय है।गढ़वाल के साथ-साथ भाजपा ने टिहरी लोस सीट पर भी ऐसा अभियान छेड़ दिया है। गंगोत्री में कांग्रेस के पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण व पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। टिहरी जिले के एक और कांग्रेस विधायक को पार्टी में शामिल कराने की चर्चाएं काफी समय से गर्म है। सीएम पुष्कर सिंह धामी शनिवार को अचानक दिल्ली पहुंचे। उनके दिल्ली दौरे का राज कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के कांग्रेस में शामिल होने के बाद खुला। नई दिल्ली में पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम व अन्य केंद्रीय नेताओं से सीएम ने चुनाव प्रचार के लिए मार्गदर्शन लिया। सोमवार को उनकी वापसी होगी। भाजपा ने ज्वाइनिंग अभियान के तहत दूसरे दलों के अभी तक 12000 से अधिक लोगों को पार्टी में शामिल कराया है। सभी लोकसभा क्षेत्रों से लोग भाजपा में शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष भट्ट के मुताबिक कई बड़े नाम आने वाले दिनों में भाजपा में शामिल होंगे। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के कामकाज के तौर तरीकों का रंग कांग्रेसियों पर भी चढ़ने लगा है। यही वजह है कि लगातार कांग्रेस के नेताओं की भाजपा में एंट्री हो रही है। लोस चुनाव का एलान होने से पहले सीएम धामी सभी 13 जिलों में प्रवास कर चुके हैं। इन जनसंपर्क यात्राओं के दौरान उनकी सभाओं में उमड़ी भीड़ ने विरोधियों को जमीनी सच्चाई से असहज कर दिया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चमोली और उत्तरकाशी में सीएम के दौरे दौरान कांग्रेस में सेंध लगाने की जो व्यूह रचना तैयार हुई थी, वह कांग्रेस के एक वर्तमान विधायक व दो पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने के रूप में चरितार्थ हुई। अभी और कांग्रेस नेताओं के पार्टी में शामिल होने की संभावना जताई जा रही हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की करीबी लक्ष्मी राणा और हरक की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं भी कांग्रेस छोड़ चुकी हैं। इन दोनों के भी भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि पार्टी में एक वर्ग इसके पक्ष में नहीं है। सीबीआई जांच में फंसे पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के भी भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं फिर से शुरू हो गई हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलते ही हरक भाजपा में होंगे हालांकि पार्टी में एक बड़ा वर्ग नहीं चाहता कि हरक की भाजपा में वापसी हो। बता दें कि शुक्रवार को ही गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण और पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। फिर शनिवार को पार्टी का चर्चित चेहरा माने जाने वाली नेता कांगेस नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं ने इस्तीफा दे दिया। पौड़ी से कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केसर सिंह नेगी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। तो वहीं, विकासखंड कोट के पूर्व प्रमुख व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवल किशोर ने भी कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। इसके अलावा पौड़ी ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकसाल ने भी कांग्रेस छोड़ दी।

# कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी का इस्तीफा स्वीकार, बद्रीनाथ विधानसभा सीट रिक्त

देहरादून(उद संवाददाता)। विधानसभा अध्यक्ष ने बद्रीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी का त्याग पत्र को स्वीकार कर लिया है। विधानसभा की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। भंडारी के इस्तीफे के बाद बद्रीनाथ विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। वे आज ही कांग्रेस छोड़ दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उत्तराखंड विधानसभा के उप सचिव हेम पंत की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि जनपद चमोली, 04-बद्रीनाथ विधान सभा क्षेत्र से राजेन्द्र सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड विधान सभा के सदस्य चुने गये थे। राजेन्द्र सिंह भण्डारी ने 17 मार्च (रविवार) को विधानसभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया है। विधानसभा ने राजेन्द्र सिंह भण्डारी के त्याग-पत्र को स्वीकार कर लिया है। इसी के साथ राजेन्द्र सिंह भण्डारी का स्थान उत्तराखण्ड विधान सभा में रिक्त हो गया है। चमोली जनपद के पोखरी विकास खंड के नैली ऐंथा गांव निवासी राजेंद्र भंडारी ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरुआत की थी। वर्ष 2002 से 2007 तक वे चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष रहे। 2007 में नंदप्रयाग विधानसभा से



वे निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में जीते और भाजपा की खंडूड़ी सरकार में 2012 तक खेल मंत्री रहे थे। वर्ष 2012 में उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा और बदरीनाथ विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। तब वे हरीश रावत सरकार में अंतिम छणों में तीन माह तक कृषि मंत्री रहे। वर्ष 2017 में वे महेंद्र भट्ट से चुनाव हार गए थे और 2022 में फिर विधायक बने। लोकसभा चुनाव से पहले तीन बार के विधायक राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा से नाता जोड़ लिया है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने से पहले विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि बदरीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी ने दिल्ली में राज्य प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पीयूष गोयल,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। भाजपा ज्वाइन करने के बाद कांग्रेस ने राजेंद्र भंडारी की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को निर्वाचन आयोग को इस संबंध में सूचित किया जाएगा।

# जनता इस बार भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ वोट करने को तैयार : प्रदीप टम्टा

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा ने रविार को बागेश्वर में कांग्रेस के साथियो द्वारा लोकसभा में प्रत्याशी बनाए जाने पर बहुत गर्मजोशी के साथ ढोल नगाड़े बजाकर व फूल माला पहनकर स्वागत सत्कार किया। सभी ने लोकसभा चुनाव में जनपद के सभी बूतों में जीतने का वचन लिया और इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने कहा कि कांग्रेस सभी के लिए न्याय लेकर आ रही है क्योंकि जनता इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार का काला सच जान चुकी है, इलैक्टोरल बान्ड घोटाला, पीएम केयर फंड में धांधली, अग्निवीर योजना, भर्ती घोटाला, पेपर लीक, अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे दर्जनों मामले सामने आ रहे हैंउत्तराखंड में ही नहीं बल्कि पूरे देश में इस बार भाजपा को उसके अपराधों की सजा मिलने वाली है। जनता इस बार भ्रष्टाचार , महंगाई, बेरोजगारी, असुरक्षा और असमानता के खिलाफ वोट करने



को तैयार है। इस दौरान हरीश सिंह एठाणीं पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष, लोकमणीं पाठक पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस बागेश्वर, हरीश प्रदेश सचिव सेवादल, ललित गिरी गोस्वामी जिलाध्यक्ष ओबीसी विभाग, कुन्दन गिरी गोस्वामी प्रदेश सचिव ओबीसी विभाग, मनमोहन जौहरी अध्यक्ष प्रकोष्ठ, दिव्यांशु कुमार जिला महासचिव, हिमांशु कुमार एनएसयूआई जिला सचिव, राहुल कुमार छात्र संघ अध्यक्ष, चामू सिंह देवली एडवोकेट प्रदेश सचिव गोपाल राम टम्टा जी स प्रदेश सचिव, महिमन सिंह गढ़िया, महेश चंद्र, शैलेंद्र सिंह चौहान, हीरा सिंह, मनमोहन सिंह, सुंदरलाल, संजय चन्याल, दान सिंह, नवीन शाह, विनोद पाठक, रमेश भंडारी, राहुल कुमार, पंकज कुमार, राहुल बरकोटी, अंजली आर्य, आशा नेगी, बसंत नाथ, नवल किशोर पुराण चंद सुंदर सिंह, कमल टम्टा, लक्ष्मी धर्मसत्तू, जितेंद्र, भागीरथी देवी, शंकर दत्त जोशी, श्रीमती गीता रावत समेत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की हुई मौत

सितारगंज। केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी का रविवार को निधन हो गया। जेल कर्मचारी कैदी को उप जिला चिकित्सालय लाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलभट्टा थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी जमील अहमद निवासी अलीपुर, पुलभट्टा को गंभीर हालात में सीएचसी लाया गया। जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने बताया कि जमील गंभीर रोग से ग्रसित था और वह लंबे समय से बीमार था।रविवार को स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे सीएचसी लाया गया जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जमील के विरुद्ध वर्ष 2015 में हत्या का केस दर्ज हुआ था। जिसके बाद वह सितारगज के केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम कोलडिया भगवानपुर में स्थित जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने कोतवाल धीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। ग्राम भगवानपुर निवासी ओम प्रकाश पुत्र स्व. रामजन्म दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह राजस्व ग्राम कोलड़िया (भगवानपुर) तहसील रूद्रपुर में 1.1106 है० कृषि भूमि का स्वामी व काबिज है। 17 मार्च को शाम अपने खेत पर पहुंचा तो वहां पर करीब एक दर्जन लोग उसके खेत के पूर्व से मौजूद नाले को पाट रहे थे। इस मामले को लेकर दूसरे पक्ष ने भी कोतवाल से मिल अपना पक्ष रखा। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने दोनों पक्षों को



सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आचार संहिता लागू है। इसलिए सभी क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखें। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। दोनों पक्ष आपसी वार्ता करें या न्यायालय की शरण लें। इस दौरान विजय भूषण गर्ग, विनोद भुसरी, राजकुमार श्रीधर, सुरेंद्र नेगी, सुमित गुगलानी, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, प्रीतम अरोरा, राजेंद्र सिडाना, पवन जिंदल, विजय चिलाना, राजकुमार , रवि बठला व राजेश आदि मौजूद थे।

# एल्डा फाउंडेशन ने बच्चों को बांटी खेल सामग्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। एल्डा फाउंडेशन राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बच्चों को उपलब्ध करवाने हेतु आगे आई है, फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजा ने स्कूल में व्यक्तिगत स्वच्छता एवं खेल जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा तो जरूरी है ही साथ ही साथ खेल भी जरूरी है इससे शारिरिक व मानसिक विकास होता है उन्होंने खेल को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी तथा कहा कि बच्चों को बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता भी जरूरी है इससे बीमारी भी नही होगी व ताजगी व स्फूर्ति बनी रहती है इससे पढ़ाई में भी मन लगेगा। फाउंडेशन की



लखनऊ अध्यक्ष राजश्री नीरज ने कहा कि बच्चे देश की धरोहर है यही आगे चलकर देश के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता ने फाउंडेशन द्वारा बच्चों को खेलकूद हेतु प्रेरित करने व खेल सामग्री उपलब्ध कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान बच्चों को केरम, लूडो, रस्सी कूद, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि की किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में संयोजक प्रदीप फुटेला ,सीमा फुटेला भी मौजूद रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# महिला आयोग की सदस्य कवलजीत कौर का किया स्वागत

गदरपुर(दद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर नवनियुक्त उत्तराखंड महिला आयोग की सदस्य कवलजीत कौर औजला का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कवलजीत कौर ने राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व सहित जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का समर्थकों के साथ आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कवलजीत कौर औजला को शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व सदैव महिला सशक्तिकरण के कार्य को बड़ी निपुणता से करता है और महिला आयोग भी समय-समय पर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य करता रहता है। उन्होंने कवलजीत कौर को नई जिम्मेवारी मिलने पर बधाई दी। नवनियुक्त महिला आयोग सदस्य कवलजीत कौर ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह महिला आयोग के सदस्य के रूप में सदैव ही महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के हितों के कार्य करेंगी । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सुभाष नंबर, अशोक हुड़िया, नरेश ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह मंडल महामंत्री अनिल जेटली एवं अभिषेक वर्मा, निर्मल नारंग, राजू शर्मा, पलविंदर सिंह बलविंदर सिंह सुरेश प्रेमपाल मनविंदर सिंह हरीश कुमार आत्मजीत मंगत सी हर लोक सिंह निर्मल नारायण हरप्रीत सिंह अमित सिंह बलजोत सिंह शुभ वर्क सुखविंदर सिंह लखविंदर सिंह वरुण कुमार कारणदीप सिंह दिनेश रविंद्र सिंह पवन कुमार अमनदीप सिंह बलजीत सिंह गुरप्रीत सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



# यादव महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यादव महासभा की ओर से रामपुर रोड रेलवे क्रासिंग के पास श्री कृष्णा धाम ट्रस्ट में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी और होली पर्व सौहार्द और भाई चारे के साि म नाने का आहवान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पीपी यादव, महामंत्री मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष चन्द्रकेशव यादव, सत्यप्रकाश यादव, अरविंद यादव, अनिल यादव, डा. अनुराग यादव, अवधेश यादव, केवी सिंह यादव, जसवंत यादव, भीम सिंह यादव, जितेन्द्र यादव, पुष्पा यादव, वीरवती यादव, रजनी यादव, बीना यादव, अंजू यादव, मुन्नी देवी यादव आदि मौजूद थे।



# मदर्स होम स्कूल ने फिर रचा इतिहास

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी स्थित मदर्स होम स्कूल ने एक बार फिर से इतिहास रचते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार मदर्स होम के पांच बच्चों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की परीक्षा पास की है। प्रबंधक वीरेंद्र रौतेला ने बताया उनके स्कूल से 6 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से पांच बच्चों ने परीक्षा पास की। सैनिक स्कूल की परीक्षा पास करने वाले बच्चों में सक्षम डोभाल, करन पांडे, प्रनीत सिंह, तेजस्वी भंडारी, गौरव गर्जोला शामिल हैं। इस सकूल से इससे पहले भी दर्जनों बच्चों का चयन नवोदय विद्यालयों एवं सैनिक स्कूल में होता रहा है। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया तो प्रबंधक वीरेंद्र रौतेला ने इस उपलब्धि को अपने स्कूली शिक्षकों की मेहनत बताया। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या शशि रौतेला, प्रबंधक वीरेंद्र सिंह रौतेला, प्रबंधन समिति सदस्य पूरन जोशी, महेश तिवारी, दीवान सिंह बिष्ट, जगत सिंह रावत, प्रीती अरोरा, उमेश पांडे पुष्कर सिंह अधिकारी, राधिका रौतेला, सपना गोस्वामी, नेहा रखोलिया, रोशनी, दीक्षा बोरा, मानसी जीना , लता धामी ,हर्षा गोस्वामी, रेखा सती, सरिता जोशी, किरन जोशी, संध्या पर गई तारा भट्ट पूनम पांडे, भावना रावत, रेखा बिष्ट, तारा मावड़ी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता) आगामी चुनाव के मद्देनजर आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत चौकी पुलिस ने अलग अलग स्थानों से एक महिला सहित दो लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने शक्तिफार्म मछली बाजार क्षेत्र से मिंती राय पत्नी शंकर राय निवासी



वार्ड न०3 टैगोर नगर शक्तिफार्म के कब्जे से 70 पाउच अवैध कच्ची बरामद की है। जबकि बसगर टीब्बी क्षेत्र से पप्पू सिंह पुत्र दर्शन सिंह को 60 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। दोनों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान किया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चन्द्र तिवारी, हेड कॉस्टेबल कुंदन सिंह, भारत भूषण, महिला कॉस्टेबल ज्योति शर्मा शामिल थे ।

# कार्यशाला में दी ऑटिज्म की जानकारी

रूद्रपुर। स्टार्ट इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी ने ऑटिज्म पर ओरिएंटेशन मैनेजमेंट प्रोग्राम आयोजित कर अभिभावकों को ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों ही माध्यम से ऑटिज्म की विस्तृत जानकारी दी। वर्कशॉप के बाद सहज योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संस्थान की डायरेक्टर डा. माधवी अवस्थी ने अभिभावक, बच्चों व स्टाफ को सहज योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि सहज योग कार्यक्रम संस्थान में प्रत्येक शनिवार दोपहर



3बजे से आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे अभिभावकों व बच्चों को सहज योग के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य संस्थान द्वारा किया जा रहा है। सहज योग रुद्रपुर की टीम हर शनिवार स्टार्ट इंस्टीट्यूट रुद्रपुर आनंदम गार्डन के सामने काशीपुर रोड रुद्रपुर में आकर सहज योग के बारे में बताती है और ध्यान करना सिखाती है।

# आंचल कैफे का किया शुभारंभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल के प्रयासों से महिला चेतना उपवन में आंचल कैफे प्रारंभ हो गया है। कैफे का जिपं अध्यक्ष बसंती देव, विधायक पार्वती दास व जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि उनका प्रयास है कि स्थानीय युवाओं की आय में वृद्धि हो तथा जनता को इसका लाभ मिले।जिलाधिकारी कार्यालय मार्ग में स्थापित महिला चेतना उपवन की स्थापना की गई है। जिसे युवाओं की आय से जोड़ने व जनता को इसका लाभ देने के लिए जिलाधिकारी ने इस स्थान पर पीपीपी मोड में आंचल कैफे खोलने का निर्णय लिया था। जिसका विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव व विधायक पार्वती दास ने कहा कि इस तरह के केंद्र खोलने से स्थानीय युवाओं की आर्थिक आय में वृद्धि होगी। सहायक निदेशक दुग्ध अनुराग मिश्रा ने बताया कि कैफे को पीपीपी मोड में चलाया जा रहा है। तथा यहां पर जनता को उचित कीमत में कॉफी, दूध, पनीर व अन्य दुग्ध उत्पादों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख कपकोट गोविंद सिंह दानू, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्या, सुनीता टम्टा,भाजपा युवा नेता गौरव दास आदि उपस्थित थे।



# किराएदारों की भरमार ,नहीं हो रहे सत्यापन

काशीपुर(उद संवाददाता)। किराएदारी की जिंदगी बसर करने वाले हजारों परिवारों के अलावा होटल ढाबों कोठियों में काम करने वाले नौकर-चाकर गैर राज्यों से आकर यहां पूरी तरह महफूज है। ऐसे लोगों का पुलिस सत्यापन नहीं हो रहा है। वेरिफिकेशन ना होने के कारण अपराधी तत्व इसका पूरा लाभ लेते बताए जा रहे हैं। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में ऐसे लोगों की भरमार है जो किराए के घरों में शरण लिए हुए हैं। जिनका पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। अलीगंज रोड पर बैंक ऑफ इंडिया वाली गली से लेकर ढकिया गुलाबो रोड छीना फॉर्म गौतम नगर कवि नगर कलश मंडप रोड कृपाल आश्रम वाली गली दढियाल रोड, गड्ढा कॉलोनी आवास विकास आईटीआई थाना क्षेत्र में जसपुर खुर्द, विशाल नगर खड़कपुर देवीपुरा श्यामपुरम के अलावा केशव नगर, दुर्गा कॉलोनी कटोराताल काजीबाग बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में अल्ली खां मजरा, लक्ष्मीपुर पट्टी, जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में किराए की जिंदगी बसर करने वाले हजारों परिवारों का पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। सूत्रों की माने तो इन्हीं में से कुछ ऐसे हैं जो अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। नशाखोरी जरायम कारोबार चोरी लूट डकैती हत्या आदि संगीन घटनाओं को अंजाम देने के लिए किराए के घरों में शरण लेते हैं और वारदात अंजाम देने के बाद बड़ी ही आसानी से राज्य की सीमा पार कर गैर प्रांत में प्रवेश कर जाते हैं। आईटीआई कुंडा तथा काशीपुर कोतवाली क्षेत्र की बात करें तो हजारों परिवार ऐसे हैं जो किराए के घरों में शरण लिए हुए हैं लेकिन उनका अब तक पुलिस सत्यापन नहीं हो पाया। नियम कायदों के अनुसार जिंदगी जीने को लेकर भवन स्वामियों की हठ धर्मिता पराकाष्ठा लांघ चुकी है। पुलिस के द्वारा बारंबार ताकीद करने के बावजूद भवन स्वामी किराएदारों का सत्यापन कराने में लापरवाही बरत रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि कुछ मकान मालिक ऐसे भी हैं जो खुद तो किरायेदारों का सत्यापन करा नहीं रहे और दूसरों को भी इसे गंभीरता से न लेने की सलाह दे रहे हैं।

# कृष्णा कालोनी से मोटर साईकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ट्रांजिट कैंप कृष्णा कालोनी से अज्ञात वाहन चोर घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ले गया। कृष्णा कालोनी निवासी अमरजीत पुत्र रवि मजुमदार का कहना है कि 17 मार्च की रात्रि 11:30 बजे उसने कम्पनी जाने के लिए अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएस 8821 को अपने घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ा किया था। लगभग 15 मिनट बाद उसने बाहर आकर देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर मौजूद नही थी। जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई हैं।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# वाहनों की गहनता से करें चैकिंग: डीएम

## अनधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री तथा पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स हटायें

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराना व कराना हम सबका दायित्व है, इसलिए सभी सक्रियता से कार्य करना सुनिश्चित करें यह निर्देश जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में एआरओ, नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है इसलिए अपने-अपने क्षेत्रों के प्रचार सामाग्री हटाना सुनिश्चित करें तथा सभी सूचनाएं निर्धारित प्रारूप में समय से भी देना सुनिश्चित करेंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, एमसीएमसी, एलएमटी टीमों से अभी से सक्रियता से कार्य करने व नाकों पर पैनी नजर रखते हुये वाहनों की गहनता से चैकिंग की जाये तथा चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी भी की जाये। उन्होने कहा कि किसी प्रकार की अवैध मदिरा, सामाग्री आदि कतई जनपद में प्रवेश न करने पाये। उन्होने कहा कोई भी एसएसटी टीम बिना प्रतिस्थानी के नाका नही छोड़ेगें। उन्होंने कहा सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सक्रियता से सम्पादित करना सुनिश्चित करेगें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन स्वंय भी करें व कराये भी। सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों व कार्यालय परिसरों से प्रचार सामाग्री भी हटाना सुनिश्चित करें तथा इस आशय का प्रमाण पत्र भी देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के 24 घण्टे के भीतर किसी भी शासकीय कार्यालय भवन, परिसर जिसमें राजकीय कार्यालय स्थापित है आदि से सभी प्रकार के पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेन्टिंग एवं कट आउट आदि हटाये जाने, 48 घण्टे के अन्दर विभिन्न जनसम्पत्तियों रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, एयरपोर्ट, रेलवे ब्रिज, रोडवेज, सरकारी बस, विद्युत/ टेलीफोन पोल, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत आदि से सभी प्रकार की अनधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री तथा पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेन्टिंग एवं कट आउट आदि हटाये जाने एवं 72 घण्टे के अन्दर विभिन्न निजी परिसम्पत्तियों से सभी प्रकार की अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री हटाये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, नोडल अधिकारी एमसीएमसी आरडी पालीवाल, मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित नोडल/सहायक नोडल एवं वर्चुअल माध्यम से सभी एआरओ जुड़े थे।



# अल्मोड़ा पुलिस लाईन में गोली चलने से कांस्टेबल की मौत

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस लाइन में अचानक गोली चलने से हड़कंप मच गया। गोली लगने से यहां तैनात एक कांस्टेबल की गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन मं सिपाही को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अल्मोड़ा पुलिस लाइन में गोली लगने से एक सिपाही की मौत हो गई। अब तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि गोली कैसे चली। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है कि गोली लापरवाही से चली थी या जानबूझकर कांस्टेबल ने इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद से विभाग में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बागेश्वर निवासी कांस्टेबल सुंदर शाही अल्मोड़ा पुलिस लाइन में तैनात थे। रविवार सुबह को सुंदर शाही ने रात की ड्यूटी में तैनात अन्य पुलिस कर्मी से चार्ज लिया। लेकिन इसके थोड़ी ही देर बाद मौके से गोली चलने की आवाज आई। आस-पास के पुलिसकर्मी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे तो सुंदर शाही घायलवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद एसएसपी देवेंद्र पींचा और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस मामले में एसएसपी का कहना है कि सिपाही को गोली लगी है या फिर उसने खुद को गोली मारी है इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



# सिंचाई गूल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण परेशान

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी की मुख्य नहर से होकर ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली सिंचाई गूल क्षतिग्रस्त होने से नगर क्षेत्र के कई हिस्सों समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई की समस्या हो रही है। कालाढूंगी स्थित शिव मंदिर के पीछे पन चक्की के निकट से एक सिंचाई गूल कालाढूंगी के वार्ड नंबर 6 एवं 7 को होते हुए कई ग्रामीण क्षेत्रों को जा रही है, यहां पन चक्की के पास ही यह गूल कई मीटर क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां अपने वाहनों को धोने वाले लोगों ने इस गूल को क्षतिग्रस्त किया है। जिस वजह से पानी गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा है, ग्रामीण यहां आकर पत्थर आदि लगाकर पानी को गावों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। यहां हर समय कोई न कोई वाहन धोते देखा जा सकता है। देखा जाए तो सिंचाई विभाग पैसा लगाकर कार्य कर रहा है, और कुछ लोगों के द्वारा गूल को तोड़ दिया जा रहा है। सिंचाई विभाग का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।



# बागेश्वर के एक और स्कूल में 13 छात्रों ने पास की घोड़ाखाल सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद से बागेश्वर खासा चर्चाओं में है। स्कूल छात्रों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की है। साथ ही सैनिक स्कूल में प्रवेश के बाद आने वाले परिवर्तन से परिचित उत्तरायण अकादमी के 13 छात्रों ने भी सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन 13 बच्चों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र भी हैं। कपकोट के आदर्श प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 5 के सभी 41 बच्चों द्वारा सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बारे में हम आपको पहले भी जानकारी दे चुके हैं। बागेश्वर से लगातार मिल रही इन सफलताओं की खबरों से सभी क्षेत्रवासी आनंदित हैं। गाजली (कालाग) निवासी छात्र लक्षित पाण्डे ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर के अपने क्षेत्र के साथ उत्तरायण अकादमी के नाम को भी गौरवान्वित किया है। लक्षित के पिता बालकृष्ण पाण्डे अपने पुत्र को मिली इस सफलता से खुश हैं। अपने बेटे के लिए उसके उज्ज्वल भविष्य का सपना देखने वाले बालकृष्ण पाण्डे ने गर्व की अनुभूति होने की बात कही है। स्कूल प्रबंधन एवं सभी अभिभावकों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले इन सभी 13 छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है। स्कूल में पढ़ाई के दम पर सैनिक स्कूल में प्रवेश पाना आत्मविश्वास के साथ आपकी इच्छाशक्ति को भी दर्शाता है। उत्तरायण अकादमी जैसे स्कूल बच्चों को पढ़ाई के साथ सैनिक स्कूल के अनुशासन और बच्चों के दैनिक जीवन में आने वाले परिवर्तन से भी उन्हें परचित कर उन्हें मानसिक बल भी प्रदान कर रहे हैं। वहीं महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा, श्री बंशीधर तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय कपकोट के सभी 40 छात्र एवं प्राथमिक विद्यालय पतलिया की 3 छात्राओं के सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर सभी छात्रों, गुरुजनों और अधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की।



# अखण्ड रामायण पाठ का हुआ समापन

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 36 स्थित श्री शिव शंकर मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने श्री अखंड रामायण पाठ के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने



मंदिर में पूजा अर्चना की और विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। यहां मंदिर कमेटी के प्रकाश शर्मा, कमल चुघ, धनपाल शर्मा, राम भरोसे गुप्ता, विमलेश, ममता, सरोज, कांति,नीलम,आशा,सावित्री,दुर्गा बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# दुर्घटना में घायल हेड कांस्टेबल की मौत

खटीमा। एक महीने पहले सड़क दुर्घटना में घायल खटीमा निवासी यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल का शनिवार को निधन हो गया। बनबसा स्थित शारदा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ हेड कांस्टेबल का अंतिम संस्कार किया गया।विल्हरी, चकरपुर निवासी महेश सिंह राणा (43) पुत्र स्व. अमर सिंह राणा यूपी पुलिस में कार्यरत थे। उनकी तैनाती अमरोहा में थी। परिजनों ने बताया कि महेश हेड कांस्टेबल की ट्रेनिंग के लिए बरेली गए थे। इसी दौरान 16 फरवरी को सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका हरिद्वार में इलाज चल रहा था जहां शनिवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को हरिद्वार से उनका पार्थिव शरीर उनके चकरपुर स्थित आवास पर लाया गया। उनके परिवार में मां, पत्नी, पुत्र और पुत्री हैं। चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांश जोशी और यूपी पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। पूर्व ग्राम प्रधान संदीप सिंह राणा ने बताया कि महेश वर्ष 2003 में पीएससी में भर्ती हुए थे। इसके बाद वह यूपी पुलिस में आ गए थे।



# यूपी से उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर रहीं हैं ईंटों से भरे ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियां

## चेक पोस्ट पर आसानी से दे दी जाती है हरी झंडी

काशीपुर। संसदीय चुनावों को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने जहां एक बॉर्डर क्षेत्र में चेक पोस्ट पर उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच पड़ताल शुरू की है वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में यूपी के चंदोसी, बहजोई, संभल, पाकवाड़ा आदि इलाकों से ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियों में ईंट की भारी भरकम खेप लेकर देर रात से लेकर सुबह सवेरे तक उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों पर कोई रोक-टोक नहीं है। सूत्रों का कहना है कि यूपी से आने वाले ईट भरे वाहनों से पुलिस का महीना बंधा है। राज्य की सीमा से सटे जनपद मुरादाबाद के विभिन्न इलाकों में ईंट भट्टों का जाल फैला है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र में भी ईंटों का बड़ा कारोबार है। ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर यूपी से उत्तराखंड लाई जाने वाली ईंटों की अधिकांश खेप ठाकुर द्वारा इलाके से लाई जा रही है जबकि सैकड़ो की तादात में ट्रकों में भरकर यूपी से लाई जाने वाली ईंटें संभल बहजोई चंदौसी आदि क्षेत्रों से उत्तराखंड में भेजी जा रही है। एक राज्य से दूसरे राज्य में ईंट से भरे वाहन सुविधा शुल्क के दम पर बड़ी ही आसानी से सीमा पार कर जाते हैं। ऐसे ही मुरादाबाद रोड स्थित ढेला पुल पर नवीन कृषि अनाज मंडी के सामने हाईवे के किनारे पिछले लंबे समय से यूपी से आकर ईंटों से भरे ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रॉलियां पूरे दिन बिक्री के लिए खड़े रहते हैं।



## हाईवे पर ही लगती है रेता बजरी व ईंट की मंडी

काशीपुर। आदर्श आचार संहिता के दौरान जहां एक और राज्य की सीमाओं पर बने चेक पोस्ट पर आने जाने वाले वाहनों के सघन जांच पड़ताल के निर्देश जारी किए गए हैं वही ईंट तथा अवैध खनन से ओवरलोड डंपर ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉलियां राज्य की सीमा लांघ रहे हैं। बॉर्डर पार कर अलीगंज रोड से होते हुए ईंटों के ट्रक रामनगर रोड पर अनलोड किये जा रहे हैं। रामनगर रोड पर हाईवे के किनारे ही रेता बजरी व ईंट की मंडी लगती है। इसी तरह कुंडा चौराहे से हरियावाला की ओर जाने वाले मार्ग पर रेता बजरी व ईंट से जुड़े कारोबारियों ने आतंक मचाते हुए मार्ग को बुरी तरह अतिक्रमण कर लिया है।

## अधिकांश वाहन चालकों के पास नहीं है ड्राइविंग लाइसेंस

काशीपुर। ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रालियों में ईंटों की भारी भरकम खेप लेकर यूपी से उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करने वाले अधिकांश वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो मामला बेहद संजीदा है लेकिन इसके बावजूद राज्य की सीमा को वह बड़ी ही आसानी से पार कर जाते हैं। इसी तरह स्टोन क्रशरों में तथा उत्तराखंड से यूपी की सीमा में प्रवेश करने वाले अवैध खनन से भरे अधिकांश डंपर चालकों को भी आरटीओ कार्यालय से ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत नहीं किए गए हैं।

# पूजा अर्चना के साथ भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ विधि विधान से नैनीताल रोड में प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार एवं अजय भट्ट ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ होने के साथ ही भाजपा ने अपना प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। चुनाव कार्यालय के उदघाटन मौके पर जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता हल्द्वानी पहुंचे थे। चुनाव कार्यालय की शुरुआत के बाद कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर जन संपर्क किया। इस दौरान अजय भट्ट ने कहा जमरानी बांध परियोजना के निर्माण के लिए उनका विगत कार्यकाल के संघर्ष काम आया। राज्य सरकार के बजट में 721 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान जमरानी बांध निर्माण के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा अभी कई और बड़ीपरियोजनाओं को धरातल पर उतार कर मील के पत्थर स्थापित करने हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, विवेक सक्सेना, प्रदीप बिष्ट, लोकसभा मीडिया प्रबंधन प्रभारी चन्दन बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, अध्यक्ष उत्तराखंड मंडी परिषद अनिल कपूर डब्बू, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य अनुश्रवण समिति सुरेश भट्ट, राज्य मंत्री दिनेश आर्या, सचिन शाह, गजराज सिंह बिष्ट, प्रताप रैक्वाल, कमल नयन जोशी, देवेंद्र ढैला, प्रदीप जनौटी, विन्देश गुप्ता, प्रतिभा जोशी, कंचन कश्यप, अलका जीना,श्रुति तिवारी, चंपा नेगी, गीता थुवाल आदि मौजूद रहे।





# तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने एक संदिग्ध को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध असलाह रखने वालों के खिलाफ चलाये जा हरे अभियान के तहत पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर हल्द्वानी मार्ग पर आकाश पाल पुत्र रमेश पाल निवासी वार्ड न0 02 नारायण कालौनी गोल मडैय्या ट्रांजिट कैंप को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। पुलिस टीम में पंतनगर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह डांगी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली , उपनिरीक्षक दिनेश रावत,कांस्टेबल नितिन कुमार आदि शामिल थे।



# अनेक ग्राम प्रधानों ने ली भाजपा की सदस्यता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट की मौजूदगी में कई ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट केंद्रीय मंत्री भट्ट व भाजपा जिला अध्यक्ष ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता रवि बिष्ट, ग्राम प्रधान देवीधूरा भीमताल धर्मेंद्र सिंह रावत, ग्राम प्रधान जूली भीमताल शेखर भट्ट, ग्राम प्रधान सूर्या गांव कालाढूंगी सुरेंद्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों व लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को देखते हुए लोग भाजपा में आने के लिए आतुर है। इसी कड़ी में रोजाना सामाजिक व राजनीतिक लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज कई ग्राम प्रधानों अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों सहित समाज के विकास की सकारात्मक सोच रखनेवाले लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। जिला अध्यक्ष प्रताप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा कीनीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं और हम उन सब लोगों का स्वागत और अभिनंदन करते हैं जो देश के विकास को समर्पित भारतीय जनता पार्टी में आ रहे हैं।



# पंतनगर से सीधे शक्तिफार्म, सिडकुल को जोड़ेगा सूर्यनगर शांतिपुरी पुल

## प्रथम चरण में 26 लाख 90 हजार मुक्त कर लोनिवि से मांगा डीपीआर

सितारगंज। पंतनगर , शक्तिफार्म व सिडकुल को सीधे जोड़ने वाला सूर्यनगर शिव मंदिर और शांतिपुरी नंबर चार के मध्य गोला नदी पर 250 मी. स्पान पुल के निर्माण कार्य को शासन ने मंजूरी दे दी है। शासन की ओर से शनिवार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई हैं। इसके साथ ही प्रथम चरण के अंतर्गत पहली किस्त के तौर पर 26 लाख 90 हजार रुपये भी जारी कर दिए है। जिसके बाद कार्यदायी संस्था लोनिवि ने डीपीआर आदि कि तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं पुल के निर्माण कार्य के लिए कुल 38.15 लाख रुपये की स्वीकृती मंजूर की गई है। लोनिवि के जेई सत्पाल सिंह ने बताया की ग्राम सूर्यनगर शिव मंदिर और शांतिपुरी नंबर चार के मध्य गोला नदी पर 250 मी. स्पान पुल एंव 1. 100 किलो मीटर सड़क के निर्माण कार्य के लिए शासन स्तर से स्वीकृती मिल गई हैं। दोनों गांव के बीच में पुल निर्माण न होने से बरसात के दिनों में दोनों गांव के संपर्क कट जाते थे। वर्तमान में भी टू व्हीलर वाहन ही नदी से गुजर पा रहे है। उन्होंने बताया कि पुल का निर्माण होने से पंतनगर से सिडकुल की कनेक्टिविटी जुड़ जाएगी। पूर्व में सूखी नदी पर पुल का निर्माण होने से रुद्रपुर किच्छा, सिडकुल के बीच अतिरिक्त 17 किमी की दूरी कम हो गई है। बताया कि कार्य को लेकर निवेदा प्राप्त करने के बाद डीपीआर का कार्य अमल में लाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्मसथ प्रकिया पूण कर निमार्ण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



विधानसभा क्षेत्र के सूर्यनगर शिव मंदिर और शांतिपुरी के मध्य पुल निर्माण की लंबित मांग को शासन ने वित्तीय स्वीकृति दे दी है। यह पुल पंतनगर से सीधे शक्तिफार्म, सिडकुल की कनेक्टिविटी को आपस में जोड़ेगा। जिससे क्षेत्र का आर्थिक रूप से विकास होगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद देता हूं और क्षेत्र की जनता को बधाई।

**सौरभ बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री, उत्तराखंड**

# होली पर लालकुआं–राजकोट के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

लालकुंआ(उद संवाददाता)। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से होली पर लालकुआं–राजकोट विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं–राजकोट–लालकुआं (05045/05046) होली विशेष गाड़ी का संचालन 24 मार्च और 31 मार्च को लालकुआं और 25 मार्च, एक अप्रैल को राजकोट से दो फेरों के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 05045 लालकुआं–राजकोट होली विशेष गाड़ी लालकुआं से 13:10 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 13:38 बजे, बरेली जं. से 15:09 बजे, दूसरे दिन जयपुर से 00:45 बजे, वांकानेर जं. से 17:32 बजे छूटकर 18:35 बजे राजकोट पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05046 राजकोट–लालकुआं होली विशेष गाड़ी राजकोट से 22:30 बजे प्रस्थान कर वांकानेर से 23:10 बजे, दूसरे दिन सुरेंद्रनगर 00:20 बजे, महेसाना से 02:32 बजे, तीसरे दिन सोरों शुकर क्षेत्र से 00:10 बजे और किच्छा से 03:27 बजे छूटकर लालकुआं 04:05 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआरडी के दो, साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के आठ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के पांच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का और वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के एक कोच सहित कुल 20 कोच लगाए जाएंगे।



# भाजपा महिला मोर्चा ने बिखेरे होली के रंग

बाजपुर। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गदरपुर विधायक अरविंद पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने होली को रंगों का पर्व बताते हुए हर्षउल्लास से होली मनाने का आह्वान किया और सभी को होली की शुभ कामनाएं दी। इस मौके में कार्यक्रम की आयोजिका उमा जोशी ने कहा की होली एक खुशियों का पर्व है इसलिए मातृशक्ति हमेशा हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करती है। होली मिलन समारोह के द्वारा महिलाओं को थोड़ा सा मनोरंजन का काम मौका मिलता है। जिसमें सभी मातृशक्ति मिलजुल कर होली के गीत व झोड़ा चाचरी सहित अनेकों होली के गानों में जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। संचालन वरिष्ठ नेता खीम सिंह दानू द्वारा किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष कमल भट्ट,मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, महिला मोर्चा पूजा जिंदल, जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट, जिला मंत्री कविता नेगी, सविता, उर्मिला पाठक, गीता, बबली, निशा, उर्मिला, रश्मि, कंचन, विमला, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष एनडी जोशी, लक्ष्मण सिंह मेहरा, नरेंद्र चौधरी, प्रवीण देवपा, प्रमोद भट्ट , विनोद तिवारी, लकी, रवि दानू, अरविंद कुमार, दिलीप सिंह आदिकार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया मिलन समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर साल की भांति इस साल भी मारवाड़ी समाज जन कल्याण समिति ने होली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया। होली मिलन कार्यक्रम में दूर दूर से मारवाड़ी समाज के लोग पहुंचे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कपल गेम्स,कपल डांस का आयोजन भी किया गया और बच्चों के लिए भी कई तरह के गेम्स के कार्यक्रम रखे गए। गेम्स में जीतने वाले सभी विजेताओं को आकर्षक उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम के बारे में डॉक्टर उषा जैन ने बताया कि मारवाड़ी समाज जन कल्याण समिति समय– समय पर इस तरह के कार्यक्रम करता रहता है और इसके साथ ही समाज में समय– समय पर सामाजिक कार्य भी करते हैं जिसमें सर्दीयों में गरीबों को रजाई बांटना, गरीबों को गर्म दूध बांटना, गर्मियों में सरबत पिलाना,और गायों के लिए गौशाला में दान देना व कुष्ठ रोगियों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था करना। समारोह में हेमराज पींचा,राजेंद्र राठी, एसएम बोहरा, इंद्र जैन,नरेंद्र जैन, बिहारी लाल चोमवाल , राजेश जैन,पारस जैन,प्रदीप जैन,महेश शर्मा, राजेश बेद,रमेश जांगिड़, प्रकाश नाहटा,अभिषेक पारीक,सुनील झवर ब्रह्मानंद जोशी,राम गोपाल पारीक , अशोक जोशी,विकास जोशी,पंकज शर्मा,राधेश्याम राज पुरोहित, मनोज शर्मा, डॉ. नवनीत पारीक ,अनिल पुरोहित,मन मोहन पुरोहित,विनोद डागा एवं महिलाओ में स्वेता जैन ,रेणु जैन ,रिचा जी,कुसुम राठी, विद्या बोहरा , डॉ.उषा नरेंद्र जैन,श्वेता जैन, नीलम डागा,पिंकी जैन,रेणु जैन,कुसुम झंवर, ज्योति बेद,नेहा शर्मा डॉ.प्राची पारीक,सुधा पुरोहित, शोभना राठी, धनराज चौधरी,निधि पारीक, गायत्री राज पुरोहित, रिचा पुरोहित आदि उपस्थित रहे।



# बहला फुसलाकर भगाई गई किशोरी बरामद, युवक गिरफ्तार

## उत्तराखंड से भगा ले गया था यूपी

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र से एक किशोरी को यूपी की सीमा में रहने वाला युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। अलग–अलग स्थानों पर रखकर उसने किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपी को दबोचकर उसे जेल रवाना कर दिया। बीते 17 मार्च को आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री को ग्राम वीरपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी इलियास उर्फ पारुल पुत्र मोहम्मद रफीक बहला फुसलाकर कर कहीं भाग ले गया। घटना संज्ञान में आते ही पुलिस अलर्ट हो गई। उसने तत्काल आरोपी के खिलाफ धारा 363/506 आईपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गायब किशोरी का पता लगाना शुरू किया। पुलिस की मेहनत रंग लाई। उसने फरार अभियुक्त के घर दबिश देकर वहां से आरोपी तथा भगाई गई किशोरी को बरामद कर लिया गया। थाने लाकर पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस बीच गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ दर्ज अभियोग में धारा 376 तथा 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्त को पुलिस द्वारा जेल रवाना कर दिया गया।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लोकतंत्र का महापर्व

मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा देश में लोकसतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत सात चरण में मतदान होंगे। पहले चरण के मतदान से लेकर नतीजों की घोषणा तक देश में डेढ़ महीने चुनाव का माहौल बना रहेगा। हांलाकि पहले चरण के मतदान से पहले भी पूरा एक महीना राजनीतिक दलों को मिला है। वैसे तो सभी राष्ट्रीय व स्थानीय राजनीतिक दल इसके लिए काफी पहले से तैयारियों में जुट गए थे। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन काफी समय से चल रहा था। अब वे अपना-अपना समीकरण लेकर मैदान में उतर रहे हैं। मगर चुनाव का ज्यादा दारोमदार आखिरकार मतदाता पर होता है। देश के लिए यह हमेशा चिंता बनी रहती है कि कुछ राज्यों में हर चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं होती है। मगर कुछ चुनावों के अनुभवों से जाहिर है कि मतदाता चुनाव को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाने के बाजाय दलगत उन्माद से भर जाते हैं। इसी का नतीजा कई जगहों पर राजनीतिक हिंसा में दिखाई देती है। कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाओं को देखते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ती है। चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जा सकें, यह निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती होता है। जिसके लिए वह तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। लोकतंत्र में असहमति अच्छी बात है, हिंसा का होना गलत है। चुनाव के वक्त राजनीतिक दल एक-दूसरे पर स्वाभाविक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। उसमें कई बार आपत्तिजनक बयान भी आ जाते हैं। उस पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर पिछले कुछ चुनावों से देखा जा रहा है कि पार्टियों के समर्थक खुद राजनेताओं के बयानों के बचाव या विरोध में परस्पर गुत्थम-गुत्था हो जाते हैं। पश्चिम बंगाल और दक्षिण के कुछ राज्यों में ऐसा वातावरण कुछ अधिक देखने को मिलता है। लोकतंत्र में हिंसा पर उतर जाना किसी भी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। इससे निर्वाचन आयोग और सुरक्षाबलों की परेशानियां बढ़ती हैं। बहुत सारे मतदाताओं के मनोबल पर भी इसका असर पड़ता है और वे मतदान केंद्रों तक पहुंचने से हिचकते हैं। एक लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर मतदाता से उम्मीद की जाती है कि न केवल वह अपने विवेक से मतदान करे, बल्कि मतदान की प्रक्रिया को भी बाधित होने से बचाए। मतदान के बदले राजनीतिक दलों की तरफ से दिए जाने वाले पैसे और उपहार वगैरह के प्रलोभन से पार पाना भी बड़ी चुनौती बन गया है। इस मामले में भी मतदाताओं की मदद की अपेक्षा है। हालांकि इतने लंबे समय तक चुनाव को फैला देने पर कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों के एतराज को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। चुनाव की अवधि जितनी लंबी खिंचती है, उतनी ही उसमें गड़बड़ियों की आशंका भी बनी रहती है। इसे लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। पहले चरण के मतदान के बाद करीब डेढ़ महीने तक वोटिंग मशीनों की निगरानी करनी पड़ेगी। इतने लंबे समय तक आदर्श आचार संहिता लागू रहने से सरकारी कामकाज भी प्रभावित होंगे। सुरक्षाबलों को लगातार एक से दूसरे इलाके में स्थांतरित करते रहना पड़ेगा। इसलिए मांग की जाती रही है कि चुनाव को कम से कम समय में संपन्न कराया जाना चाहिए।

# समर्पण ही सबसे बड़ा धन

मीरा ने अपना सब कुछ दे दिया है प्रभु को और 'राम रत्न' धन पा लिया। यह 'राम रत्न' धन सब प्रकार के धन से ऊपर है। मीरा के जीवन में एक क्रांति आई और अपने 'रामधन' में खो गई... और यदि उसने थोड़ा-सा भी बचाया



होता कल की चिंता में उलझ गई होती, तो उसे 'राम रत्न धन' नही मिलना था. जो आज की चिंता करता है, वह कल की भी चिंता करेगा ....जब इंसान सभी चिंताएं अपने ऊपर लेता है, तो चिंतित रहता है और जब चिंताएं राम पर छोड़ देता है, तो चिंतामुक्त हो जाता है मीरा ने ऐसा ही किया था.... मुहम्मद भी यही कहा करते- वही फिक्र करता है, हम क्यों करें? जो दिन भर देता है, वह रात को भी देगा ....उनकी एक आदत थी ...जो दिन भर मिलता, सब कुछ जरूरतमंदों में बांट देते... रात को पूरी तरह भिखारी होकर सो जाते....दूसरे दिन सेवक और आते...और दे जाते ...मुहम्मद उसे भी बांट देते.. संसार में एक दिन मृत्यु के लिए निश्चित है और वह दिन भी आया एक दिन चिकित्सकों ने कहा ख्रअब मुहम्मद बचेंगे नहीं.. मुहम्मद की पत्नी ने सोचा, दिन तो निकल जायेगा.... जो आएगा उसे बांट देंगे.. लेकिन अगर रात को जरूरत पड़ी तो क्या करेंगे? अगर रात को डॉक्टर को बुलाना पड़े ..अगर रात को पैसों की जरूरत पड़ी तो कहां से लाऊंगी.... डॉक्टर को कैसे बुलाऊंगी ..उसका विश्वास डोल गया.. उसने पांच रुपए बचा कर रख लिए अलग से मुहम्मद का अंतिम समय निकट था रात भर वह करवटें बदलते रहे, सांस निकल नही रही थी...परेशानी महसूस कर रहे थे.. वह सब कुछ जानते थे... आधी रात को उन्होंने पत्नी से पूछा, आज जो आया था, वह सब बांट दिया था न? कुछ बचा कर रखा तो नही था? मेरी सांस अटकी हुई.. निकल नही रही.... मेरे और खुदा के बीच कुछ दूरी अभी बनी हुई है। ऐसी दूरी तो पहले कभी महसूस नहीं की थी.. क्या कुछ बचा कर रखा है आज? पत्नी घबरा गई... सच बोलना पड़ा.... कहा मैने पांच रूपए बचा कर रख लिया थे यह सोच कर की कहीं रात को जरूरत पड़ गई तो कहा से लाऊंगा ...आप बीमार है .. मुहम्मद हंस पड़े .. जीवन भर मेरे साथ रहे पर भी तुम रहस्य को नहीं समझ पाई. पगली.... हम रोज बांटते रहे.. कभी कमी आई? जो भरी दुपहरी देता है... वह क्या रात को न देता ...? बाहर जाकर देख .. एक भिखारी दरवाजे पर खड़ा है ..ये पांच रुपए, जो तुमने बचा कर रखे हैं, उसे दे दे...पहले भी वही देता रहा है आगे भी वाही देगा ....पत्नी बहार गई.. दरवाजे पर वाकई एक भिकारी को खड़ा देखा. और मुहम्मद के आदेश पर अपने बचा कर रखे हुए पांच रुपय भिखारी को दे दिए...और इधर मुहम्मद और खुदा के बीच की दूरी समाप्त हो गई... मुहम्मद ने साँस छोड़ दी. .बचाने का अर्थ है..जिस पर आपको विश्वास है, उस पर आपको संदेह है... अरे, संदेह रखेंगे तो विश्वास पैदा नहीं होगा.. भक्त परमात्मा पर भरोसा रखता है. .भक्त का अर्थ ही यह है कि भक्त को अपने अहंकार पर नहीं, परमात्मा में श्रद्धा है स दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक अपने- आपको पकड़े हुए और दूसरे वे, जिन्होंने परमात्मा के चरण पकड़ लिए हैं. ..जो अपने आपको पकड़े रहते हैं...वे बहुत दुखी होते हैं, और जो परमात्मा पर विश्वास रखते हैं, अपने आपको उस पर छोड़ देते हैं, वे ही 'राम रत्न रूपी' धन पाते हैं और 'रामधन' पाने के बाद तो किसी धन की कमी नहीं रहती..पाने के लिए अपने आपको, अपनी 'मैं' को मिटाना ही पड़ेगा...याद रखें...इन्सान जन्म लेते समय ही रोज मर रहा है- गर्भ में जब जीवाणु प्रविष्ट होता है, उसी क्षण से.. . जब जन्म की शुरुआत हो गई, उसी क्षण से मौत की भी शुरुआत हो जाती है. ..इन्सान धीरे-धीरे मरता जा रहा है... मरता जा रहा है.. मरता जा रहा है और फिर एक दिन मरना पूरा हो जाता है..इस मरने से बचना है,तो 'राम' की शरण लेनी चाहिए...कृष्ण की शरण लेनी चाहिए। गुरुदेव की शरण लेनी चाहिये..और जो शरण में आ जाता है, उसे बार-बार मरना नहीं पड़ता....मीरा ने 'राम-रत्न-धन' पाया और अमर हो गई...वर्षों बीत जाने के बाद भी मीरा मरी नहीं जीवित है.. इसलिए कि उसने अपने आपको अपने सांवले को सौंप दिया था।

**प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ**

# मन के हारे हार है मन के जीते जीत

इंसानी शरीर में मन का बड़ा प्रबल स्थान है,मन से ही प्राणी मानव कहलाता है यही स्वर्ग-नर्क मोक्ष व बंधन का कारण बनता है यह रेडियो की तरंगों व चौनलों की तरह यह प्रत्येक क्षण नये-नये हजारों विचार उत्पन्न करता है इसे सही दिशा मिलने पर यह व्यक्ति को महान बना सकता है सही दिशा न मिलने पर आत्मा का पतन कर अधोगति को प्राप्त होता है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मन को वश में करने के लिए वैराग्य की परम अवश्यकता के साथ बार-बार के अभ्यास से यह तीव्र मन वश में आ जाता है आंखें बाहरी जगत को देखने से यह अन्तर्मन में गहरा प्रभाव डालती है कार्य जैसा भी हो मन इन्द्रियों को आज्ञा देकर उस कार्य को पूरा करने के विवश करता है फिर इन्द्रिया बुद्धि व विवेक से उस कार्य को अंजाम देती है मनुष्य का मन एक दर्पण के समान है अच्छे व बुरे कर्मो कोई देखने की समझ रखता है फिर भी बार बार लोभ के कारण गलत रास्ते की और ही भागने का प्रयास करता है।व्यक्ति बार-बार असफलता की सीढ़ी चढ़कर व्यक्ति एक दिन सफलता की मंजिल तक जा पहुंचता है इसके लिये मन को एकाग्र करने की आवश्यकता है कहा भी गया है यदि तबीयत से एक पत्थर भी उछाला जाये तो आसमान मे भी छेद हो सकता है। कबीरदास जी भी कहते हैं घ्मालाफेरत जुग भया गया न मन का फेर,करका मन का डार दे मनका -मनका फेर... अर्थात प्रभुप्राप्ति के लिए लकड़ी की माला युगो तक फेरने से कोई लाभ न होगा जब तक मन की माला से भजन न होगा। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है मानसिक रोगो में यदि शरीर के स्तर पर इलाज किया जाये तो बेहतर परिणाम नहीं मिलते यदि मन का योग- ध्यान व प्राकृति के नजदीक रहकर ईलाज प्राप्त हो तो बेहतर लाभ व परिणाम मिलते हैं क्योंकि शरीर प्रकृति द्वारा निर्मित है। शरीर का स्वस्थ होना व मुस्कुराना चहरे पर आलक्षित होता है शरीर जड़ व मन चेतन है हरबर्ट बेंसर कहते हैं मन, बुद्धि,व शरीर का सम्बन्ध व सन्तुलित होना आवश्यक है मन नयी शक्ति के साथ नये उत्साह को जन्म देता है मन सोचता है कि मैं स्वस्थ हूं तो वह स्वस्थ महसूस करता है यदि सोचता है मैं बीमार हूं तो वह बीमार महसूस करता है यदि मन अभय- एकाग्र नहीं, तो काम कहीं, मन कहीं होता है तो किसी कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना मुश्किल होता है।महर्षि वाल्मीकि व गोस्वामी तुलसीदास जी के मन पर सदविचारो से संसार व शरीर की असारता व नश्वरता का ज्ञान हुआ तो उनका जीवन पूरी तरह से बदल गया हम कोशिश कर मन को जीतकर,परावर्तित कर इस दुर्लभ मनुष्य देह से अपने लौकिक व पारलौकिक जीवन का भी कल्याण व उद्धार कर सकते हैं।

**-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

# एक-देश, एक-चुनाव : 2029 में संयुक्त चुनाव कराने की तैयारी

2029 में एक देश,एक चुनाव ,यानी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ निकाय व पंचायत चुनाव भी एक साथ कराने की दिशा में केंद्र सरकार एक कदम आगे बढ़ गई है।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने इस परिप्रेक्ष्य में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सौंप दी है।7 माह की मेहनत मशक्कत से यह रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज



के रूप में सामने आई है।इसमें एक साथ चुनाव कैसे संभव होंगे,क्या क्या संविधान में संशोधन करने पड़ेंगे, इसका खाका खींच दिया है।अब इस रिपोर्ट में सुझाई गई सिफारिशों को विधेयक के रूप में संसद के दोनों सदनों से पारित कराने का काम नरेंद्र मोदी सरकार का है। ऐसी संभावना है कि इन सिफारिशों को कानूनी रूप देने के बाद अगले आम चुनाव में एक साथ चुनाव कराने का सिलसिला शुरू हो जाए।इस समय जिन राज्य सरकारों का कार्यकाल बचा होगा,वह लोकसभा चुनाव तक ही पूरा मान लिया जाएगा।वैसे भी आजादी के बाद 1952,1957,1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ साथ होते रहे हैं,लेकिन 1968 और 1969 में समय के पहले ही कुछ राज्य सरकारें भंग कर दिए जाने से यह परंपरा टूट गई।अब इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में करीब 18 संशोधन करने होंगे।इनमें से कुछ बदलावों के लिए राज्यों की भी अनुमति जरुरी होगी।यदि स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव भी साथ साथ होते हैं तो फिर मतदाता सूची तैयार निर्वाचन आयोग कराएगा।इस हेतु अनुच्छेद 325 में परिवर्तन करना होगा।साथ ही अनुच्छेद 324 ए में संशोधन करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करा लिए जाएंगे।संविधान के अनुच्छेद 368 ए के तहत इस संशोधन विधेयक को आधे राज्यों से भी पास करना जरूरी होगा।इसी अनुरूप केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अलग से संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी।इस रिपोर्ट से पहले संसदीय समिति भी देश में एक साथ चुनाव कराने की वकालात कर चुकी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यदि लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में होने वाले सरकारी धन का खर्च कम होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे और 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपए खर्च होने की उम्मीद है। एक साथ चुनाव में राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं, वहीं विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है। इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा।विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं।अब जैसा कि लग रहा है 2024 में मोदी सरकार की लगभग फिर से सत्ता में बहाली हो रही है,टैब फिर 2029 के चुनाव एक साथ ही होंगे। इस दौरान ईवीएम समेत अन्य चुनावी उपकरणों की जरूरत पूरी कर ली जाएगी। अनेक असमानताओं, विसंगतियों और विरोधाभासों के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सूत्र से बंधा है। निर्वाचन प्रक्रिया राष्ट्र को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था देती है, जिससे भिन्न स्वभाव वाली राजनीतिक शक्तियों को केंद्रीय व प्रांतीय सत्ताओं में भागीदारी का अवसर मिलता है। नतीजतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया गतिशील रहती है, जो देश की अखंडता व संप्रभुता के प्रति जवाबदेह है। देश में मानव संसाधन सबसे बड़ी पूंजी है। गोया, यदि बार-बार चुनाव की स्थितियां बनती हैं तो मनुष्य का ध्यान बंटता है और समय व पूंजी का क्षरण होता है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रशासनिक शिथिलता दो-ढाई महीने तक बनी रहती है, फलत: विकास कार्य और जन-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार बार चुनाव ड्यूटी का मानसिक तनाव नहीं झेलना पड़ेगा।इन सब मुद्दों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ से ही 'एक देश, एक चुनाव' की पैरवी कर रहे हैं, इसी दिशा में इस पहल को अमलीजामा पहनाने की कवायद कहा जा सकता है। एक साथ चुनाव के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि देश प्रत्येक छह माह बाद चुनावी मोड पर आ जाता है, लिहाजा सरकारों को नीतिगत फैसले लेने में तो अड़चनें आती हैं, दूसरे नीतियों को कानूनी रूप में देने में अतिरिक्त विलंब भी होता है। यह तर्क अपनी जगह जायज है। वैसे भी राजनीतिक दलों की महत्ता तभी है जब वे नीतिगत फैसलों को अधिकतम लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने सुझाव दें व उन्हें विधेयक के प्रारूप का हिस्सा बनाने के लिए नैतिक दबाव बनाएं। ऐसा नहीं है कि एक साथ चुनाव का विचार कोई नया विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक चार बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव पूरे देश में एक साथ ही हुए हैं। इंदिरा गांधी का केंद्रीय सत्ता पर वर्चस्व कायम होने के बाद राजनीतिक विद्वेष व बेजा हस्तक्षेप के चलते इस व्यवस्था में बदलाव आना शुरू हो गया। इंदिरा गांधी को विपक्ष की जो सरकार पसंद नहीं आती थी, उसे वे कोई न कोई बहाना ढूंढकर अनुच्छेद-356 के तहत राष्ट्रपति से बर्खास्त करा देती थीं। नतीजतन मध्यावधि चुनावों की परिपाटी पड़ती चली गई। इससे राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव कराने की बाध्यता निर्मित हो गई। अयोध्या में विवादित ढांचा ध्वस्त होने के बाद पीवी नरसिंह राव ने भी भाजपा शासित कई राज्य सरकारों को गिरा दिया था। फलत: ऐसा अवसर आ गया कि देश में कहीं न कहीं चुनाव की डुगडुगी बजती रहती है। देश का लगभग 90 करोड़ मतदाता किसी न किसी चुनाव की उलझन में जकड़ा रहता है। चूंकि संविधान में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने का उल्लेख तो है, लेकिन दोनों चुनाव एक साथ कराने का हवाला नहीं है। संविधान में इन चुनावों का निश्चित जीवनकाल भी नहीं है। वैसे यह कार्यकाल पांच वर्ष के लिए होता है, लेकिन बीच में सरकार के अल्पमत में आ जाने के कारण या किसी अन्य कारण के चलते सरकार गिर या गिराई जा सकती है।केंद्रीय विधि आयोग ने 2018 में केंद्र सरकार को प्रस्ताव दिया था कि पांच साल के भीतर यदि सरकार के भंग होने की स्थिति बने तो 'रचनात्मक अविश्वास' मत हासिल किया जाए। मसलन, किसी सरकार को लोकसभा या विधानसभा के सदस्य अविश्वास मत से गिरा सकते हैं, तो इसके विकल्प में जिस दल या गठबंधन पर विश्वास हो या जिसे विश्वास मत हासिल हो जाए, उसे बतौर नई सरकार की शपथ दिला दी जाए।' इसी के साथ दूसरा प्रस्ताव यह भी था कि 'लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभाओं के चुनाव कराने के लिए उनकी अवधि एक मर्तबा कम कर दी जाए, लेकिन इस प्रस्ताव पर अमल के लिए भी संविधान में संशोधन जरूरी हैं।' कुछ विपक्षी दल एक साथ चुनाव के फेबर में शायद इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि ऐसा होने पर जिस दल ने अपने पक्ष में माहौल बना लिया तो केंद्र व ज्यादातर राज्य सरकारें उसी दल की होंगी? जैसे कि सत्रहवीं (2019) लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रवाद की हवा के चलते भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बड़ा जनादेश मिला। ऐसे में यदि विधानसभाओं के भी चुनाव हुए होते तो कांग्रेस समेत क्षेत्रीय दलों का भी सूपड़ा साफ हो गया होता? हालांकि ऐसा हुआ नहीं। इस बार लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा, आंध्र-प्रदेश, सिक्किम, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश में भी चुनाव हुए थे, इनमें परिणामों में भिन्नता देखने में आई है। लिहाजा यह दलील बेबुनियाद है कि एक साथ चुनाव में क्षेत्रीय दल नुकसान में रहेंगे। बार-बार चुनाव की स्थितियां निर्मित होने के कारण सत्ताधारी राजनीतिक दल को यह भय भी बना रहता है कि उसका कोई नीतिगत फैसला ऐसा न हो जाए कि दल के समर्थक मतदाता नाराज हो जाएं। लिहाजा सरकारों को लोक-लुभावन फैसले लेने पड़ते हैं। वर्तमान में अमेरिका सहित अनेक ऐसे देश हैं, जहां एक साथ चुनाव बिना किसी बाधा के संपन्न होते हैं। गोया, भारत में भी यदि एक साथ चुनाव की प्रक्रिया 2029 से शुरू हो जाती है तो केंद्र व राज्य सरकारें बिना किसी दबाव के देश व लोकहित में फैसले ले सकेंगी। सरकारों को पूरे पांच साल विकास व सुशासन को सुचारू रूप से लागू करने का अवसर मिलेगा।

**-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# सभी जनपदों में चेकपोस्ट पर प्रभावी तरीके से निगरानी बढ़ाई जाए : सीईओ

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को दिये निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने रविवार को सचिवालय में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्वाचन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने सभी जनपदों में सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रथम चरण में होना है इस लिहाज से बूथ लेवल तक स्वीप गतिविधियों सहित जागरूकता कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर चलाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के ऐसे जनपद जो अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे हैं, उनके चेकपोस्ट पर और भी प्रभावी तरीके से निगरानी बढ़ाई जाए। सीईओ ने निर्देश दिए कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम में सभी एजेंसियां सीजर रिपोर्ट, इनरसेप्ट रिपोर्ट को जिम्मेदारी से भरें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में स्टैटिक सर्विलांस टीमें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन पर त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में स्टेट नोडल ऑफिसर श्री मनमोहन मैनाली ने जानकारी दी कि प्रदेश में 1 मार्च से 16 मार्च तक 7 करोड़ रुपए से अधिक नकद धनराशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ को सीज किया गया है, जिसमें सबसे अधिक मात्रा मादक पदार्थ की है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक श्री ए.पी. अंशुमान ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में फोर्स डेप्लॉयमेंट प्लान तैयार कर दिया गया है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में संचार व्यवस्था सुचारु करने के लिए निर्देश दिया गया है। दुर्गम इलाकों में ड्रोन कैमरों के जरिए मॉनिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तु दास समेत सभी जनपदों के जिलाधिकारी, एसएसपी/एसपी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों से की प्रदेश में आचार संहिता का पालन करने की अपील

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने सचिवालय में प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामांकन सम्बन्धी प्रक्रिया, चुनावी रैली व अन्य गतिविधियों को संचालित करें। इस अवसर पर अपर



की। इस अवसर पर उन्होंने सभी दलों से प्रदेश में सकुशल मतदान संपन्न कराने को लेकर अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनैतिक दलों की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि माननीय निर्वाचन पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, श्री प्रताप शाह, स्टेट नोडल श्री मनमोहन मैनाली, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तु दास समेत सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग और बैनर हटाने का अभियान जारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगी आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। गदरपुर विधानसभा में सार्वजनिक हटाए जा रहे हैं। श्री मेहरोत्रा ने कहा कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के चलते नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर,बैनर, फ्लेक्स आदि को हताये




क्षेत्रो में लगे बैनर एवं पोस्टर हटाए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा मुख्य मार्ग,सकैनिया रोड, गूलरभोज रोड एवं अन्य स्थानों पर लगे पोस्टर बैनर जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस दौरान जगदीश चंद्र, मुकेश भंडारी नोडल अधिकारी मुकेश कुमार ,जयपाल शर्मा अशोक कुमार बंगा सहायक नोडल है राहुल सचिन, राजकुमार आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनता संवाद में विधायक बेहड़ ने सुनी समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विध





ायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही की। प्रात: काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। जिसमें क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड,आधार कार्ड,पेंशन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान गन्ना कृषक महाविद्यालय किच्छा(गन्ना सोसाईटी किच्छा) की अध्यापक सीमा शर्मा,ममता देऊपा,हिमानी आर्या, मीना मावडी ने विधायक बेहड़ से शिष्टाचार भेंट की। राजेन्द्र प्रसाद वार्ड न०-16 टीचर कालोनी निवासी ने वृद्धावस्था पेंशन लगाये जाने का आग्रह किया,चेतराम पन्त कलौनी वार्ड न०-8 किच्छा निवासी ने विद्युत पोल सम्बन्धी समस्या से अवगत कराया। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना कुछ समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया की बाकी सम्बन्धित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इनका हर हाल में निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जायेगा। इससे पूर्व प्रात: किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ किच्छा डाम क्षेत्र के नजीमाबाद ग्रामसभा के तहत विभिन्न गाँवों में क्षेत्रवासियों से जनसंपर्क किया व लोगों की समस्याओं को सुना तथा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी पक्ष में मतदान की अपील की इस दौरान गौरव बेहड़ ने कांग्रेस की नीतियों से जन-जन को अवगत कराया तथा पूर्व में देश में कांग्रेस द्वारा कराये गए विकास की जन योजनाओं से अवगत कराया तथा वर्तमान में चल रही बेरोजगारी,किसानो की समस्याओं,बढती महंगाई व भ्रष्टाचार से भी क्षेत्रवासियों को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंहे नजीमाबाद ग्राम सभा के ग्राम जीरो बंदा,चीमा लेन,प्रधान लेंन,दीवान झाला ,बंगाली कलौनी कोटखर्रा व अमर सिंह लेन में नुक्कड़ सभाओं के मध्यम से लोगों से संपर्क किया तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुना साथ ही विधायक निधि से चल रहे विकास कार्यों का भी मौके पर जायजा लिया। इस दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,जसविंदर माणिक्य, सुरजीत सिंह,बलवंत सिंह, रक्षपाल सिंह,बलबीर सिंह,विक्रम कोरंगा,प्रेम सिंह,गुरमीत सिंह, रमेश, सोहन सिंह, करनैल सिंह, मोहन सिंह,गगनदीप सिंह, मलकीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**चुनाव बॉड पर सबकुछ...**कोर्ट के बाहर कुछ दूसरी तरफ से इसे लिया जा रहा है। गंभीर मामला एसबीआई की अर्जी के बाद सामने आया। सोशल मीडिया पर भी अलग तरीके से चलाया गया। अगर किसी ने किसी को पैसा दिया तो उसके बाद सब अपने-अपने तरीके से उसे देखेंगे। एसजी की दलील पर सीजेआई ने कहा कि आप अभी बहस न करें। अभी आपके एसिस्टेंस की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान प्रशांत भूषण ने कहा कि बॉन्ड को लेकर अप्रैल 2019 में कोर्ट ने राजनैतिक पार्टियों से जानकारी मांगी थी। लेकिन केवल कुछ ही राजनीतिक पार्टी ने डेटा साझा किया है। इस पर एसजी ने कहा कि इसके पीछे हिडेन एजेंडा है। सीजेआई ने कहा कि अगर आप 2018 की बात करेंगे तो वो उस फैसले की समीक्षा होगी, जो हम नहीं करने जा रहे हैं। हम यहां पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के लिए नहीं बैठे हैं। बता दें कि चुनाव आयोग ने हाल ही में राजनीतिक दलों द्वारा सीलबंद कवर के तहत जमा किए गए चुनावी बांड के विवरण को सार्वजनिक कर दिया। माना जा रहा है कि विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। इस तारीख के बाद के चुनावी बांड विवरण पिछले सप्ताह चुनाव पैनल द्वारा सार्वजनिक किए गए थे। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा था कि राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के निर्देशानुसार, सीलबंद कवर में चुनावी बांड का डेटा दाखिल किया था।

**आज रात होगी कांग्रेस ...**तीनों ही नामों पर गंभीरता से विचार कर रही है। जबकि नैनीताल सीट पर भी कई दावेदारों के नाम सामने आने से हाईकमान पशोपेश में हैं। नैनीताल सीट पर टिकट की दौड़ में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, पूर्व सांसद डा. महेंद्र पाल, पूर्व विधायक रणजीत रावत एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी के नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी आज दिल्ली लौट रहे हैं। जिसके बाद देर शाम होने वाली बैठक में दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाईनल किये जा सकते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि जल्द ही पार्टी दोनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित करेगी।

**खर्राटे लेने पर ...**खर्राटे ले रहा था। भवन स्वामी ने बताया कि रोजाना इसके खर्राटों से घर में सभी परेशान रहते हैं। पुलिस श्रमिक को उठाकर थाने ले आई और काफी देर बैठाकर उसे खर्राटे का उपचार कराने की सलाह देकर छोड़ दिया। बेचारे श्रमिक का अब ड्यूटी के बाद सोना भी दुश्वार हो गया है।

## वृक्ष लगाएं

आओ मित्रों वृक्ष लगाएं,
खेत और खलियान सजाएं।
सुन्दर-सुन्दर फूलों द्वारा,
अपनी बगिया को महकाएं।।
सारी धरती अपनी धरती,
रह न जाए बंजर परती।
कण-कण को उपजाऊ करके,
सब मिलकर सोना उपजाएं।।
आम-बेल-अमरूद लगाएं,
नींबू-जामुन-केला।
पीपल-बरगद-नीम लगी हो,
पर्यावरण बने अपना अलबेला।।
कंदमूल-फल को उपजाकर,
जग के सारे रोग मिटाएं।
वृक्ष लगाकर इस धरती से,
घना प्रदूषण दूर भगाएं।।
प्राणवायु वृक्षों से मिलती,
उससे नई ताजगी पाएं।
वृक्षों की शीतल छाया में रहकर,
प्रकृति का हम लाभ उठाएं।।

**प्रस्तुति : रविन्द्र कुमार राणा**

**हादसे में पिकप...**आवश्यक जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**आपत्तिजनक फोटो...**मार्च को उक्त व्यक्ति ने उसके पति को उसकी खींची आपत्ति जनक फोटो दिखाई और उसके बारे में पति से गलत बाते बतायी। इसके बाद मकान मालिक व उक्त व्यक्ति ने उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी।

# छात्रवृत्ति घोटाले में ईडी ने की करोड़ों की संपत्ति अटैच

देहरादून। छात्रवृत्ति घोटाले से संबंधित रुड़की की वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की ईडी ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच की है। यह सोसायटी रुड़की में दो तकनीकी संस्थानों का संचालन करती है। आरोप है कि इन शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के छात्रों का फर्जी तरीके से दाखिला दिखाकर करोड़ों की छात्रवृत्ति हड़पी गई। इससे सोसायटी ने कई तरह की चल अचल संपत्तियों को अर्जित किया। इस मामले में ईडी पहले भी कई शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को अटैच कर चुकी है। गौरतलब है कि इस घोटाले में पुलिस जांच के बाद ईडी ने भी धन शोधन अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई शुरू की थी। ईडी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के तमाम शिक्षण संस्थानों को नोटिस भेजकर पूछताछ की थी। अब इस मामले में जांच के दौरान ईडी ने रुड़की के वर्द्धमान एजुकेशनल सोसायटी की अचल संपत्ति को अटैच किया है। इस संपत्ति की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सोसायटी रुड़की में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और आईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नाम से शिक्षण संस्थान संचालित करती है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार इन शिक्षण संस्थानों ने एससी-एसटी वर्ग के छात्रों का फर्जी तरीके से दाखिला दर्शाया। इसके बाद ट्यूशन फीस और तमाम शुल्क के नाम पर समाज कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति हासिल कर ली। इसमें से कुछ धन से संपत्तियों की खरीद हुई। जबकि, कुछ धन का प्रयोग चेयरमैन आदि अधिकारियों ने किया। बता दें कि ईडी अब तक चार शिक्षण संस्थानों की करोड़ों रुपये की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। बताया जा रहा है कि अब भी ईडी के राडार पर 50 से ज्यादा शिक्षण संस्थान हैं। बता दें कि वर्ष 2017 में छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया था। सैकड़ों करोड़ रुपये से अधिक के इस घोटाले में वर्ष 2019 में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने हरिद्वार और देहरादून में कई शिक्षण संस्थानों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ 100 से अधिक मुकदमे दर्ज किए। इन भी मुकदमो में पुलिस की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। ज्यादातर मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी कोर्ट में दाखिल कर दी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कमलजीत सिंह (KAMALJIT SINGH ) से बदलकर कमलजीत सिंह ( KAMALJEET SINGH )रख लिया है । भविष्य में मुझे कमलजीत सिंह ( KAMALJEET SINGH ) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**कमलजीत सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह**
निवासी - 56, ग्राम-सहरिया, पोस्ट हमीदाबाद, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'पीपी' की चिट्ठी वायरल होने से मचा हड़कंप

## अल्मोड़ा जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डान पीपी ने सन्यास लेने के लिए मांगी मंदिर में अनुष्ठान करने की अनुमति, गो सेवा, राष्ट्र सेवा करना चाहता है

हल्द्वानी। कुख्यात प्रकाश पांडे उर्फ पीपी ने अल्मोड़ा जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर संन्यास लेने के लिए जेल परिसर स्थित मंदिर में एक अनुष्ठान करने की अनुमति मांगी है। साथ ही उसने यह पत्र वायरल भी किया है जिससे जेल प्रशासन में सुरक्षा को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। जेल अधीक्षक ने डीआईजी जेल को पीपी का पत्र भेज दिया है। हालांकि जेल प्रशासन मंदिर में अनुष्ठान की अनुमति नहीं देना चाहता है।प्रकाश पांडे उर्फ पीपी अंडरवर्ड डॉन है। पीपी के विरुद्ध देशभर के थानों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। कई मुकदमें में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई है। अब भी न्यायालयों में उस पर हत्या, लूट समेत कई मामले में सुनवाई चल रही है। वर्ष 2010 में पीपी मलयेशिया से पकड़ा गया था। तब से वह अल्मोड़ा जेल में आजीवन कारावास भुगत रहा है।13 मार्च को पीपी ने अल्मोड़ा जेल अधीक्षक को एक पत्र




लिखा था। इसमें अल्मोड़ा जेल के बाहर मंदिर में अनुष्ठान करने की अनुमति मांगी थी। इस अनुष्ठान में वह दीक्षा लेकर संन्यासी बनना चाहता है। पीपी ने पत्र में कहा था कि वह गो सेवा, राष्ट्र सेवा करना चाहता है। उसे अपने पूर्व में किए कामों पर पश्चाताप है। जेल प्रशासन के सूत्र बताते हैं कि पीपी को अगर संन्यास लेना था तो वह बिना धार्मिक कार्यक्रम भी ले सकता है। इसके लिए वह अनुष्ठान क्यों करना चाहता है। इसके पीछे जेल प्रशासन बड़ी साजिश का भी अंदेशा जता रहा है। हालांकि इस मामले में जेल प्रशासन ने अनुष्ठान कराने की अनुमति देने से मना कर दिया है। साथ ही डीआईजी जेल को अवगत करा दिया है। जेल अधीक्षक अल्मोड़ा जयंत पांगती ने बताया कि प्रकाश पांडे उर्फ पीपी ने संन्यास लेने के लिए जेल परिसर स्थित मंदिर में अनुष्ठान करने की अनुमति मांगी है। वह इसमें दीक्षा देने के लिए बाहर से किसी को बुलाना चाहता है। पीपी को अगर अपने किए पर पश्चाताप है तो वह वैसे भी संन्यास ले सकता है। अनुष्ठान कराने और अपने पत्र को वायरल कराने की क्या जरूरत है। ऐसा प्रकरण पहली बार सामने आया है। डीआईजी जेल को पूर्व में अवगत करा दिया गया है। उसका पत्र भी मुख्यालय भेजा गया है।

# जालसाजी के मुकदमें की एक वर्ष में पूर्ण करे सुनवाई : हाईकोर्ट

## अरविंदनगर में फर्जी प्रमाण पत्र से पंचायत चुनाव लड़ने का मामला निचली अदालत में है लंबित

सितारगंज (उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत में लंबित फर्जी प्रमाण पत्र से पंचायत चुनाव लड़ने के मामले की कारवाई एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने के लिए निचली अदालत को आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता ने निचली अदालत में बार बार स्थगन आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। शक्तिफार्म के अरविंदनगर निवासी निखिलेश घरामी ने पूर्व में दर्ज कराए मुकदमें में आरोप लगाया है कि वर्ष 2019 में क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव लड़ने के लिए कन्नाई मल्लिक ने फर्जी हाई स्कूल का प्रमाण पत्र और टीसी लगाई थी। सूचना अधिकार में जिसका खुलासा हुआ था। निखिलेश ने मामले में कन्नाई मल्लिक के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 420,467,468,471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से न्यायिक मजिस्ट्रेट सितारगंज की अदालत में मामला लंबित है। इसके बाद सूचना अधिकार कार्यकर्ता निखिलेश घरामि ने प्रकरण में त्वरित कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की। जिसमें याचिका कर्ता ने कहा कि मामले में आरोपी जमानत पर है। इसलिए देरी करने की रणनीति अपना रहा है। आरोपी बार-बार निचली अदालत में स्थगन की मांग कर रहा है। इस पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने निचली अदालत को निर्देश दिया है कि प्रकरण को यथा संभव शीघ्रता से पूरा करें। लंबित जालसाजी के मुकदमे की कारवाई लिए उच्च न्यायालय ने निचली अदालत को एक वर्ष के भीतर का समय देकर आदेश कार्रवाई को पूर्ण करने का पारित किया है।





# मेरो रंगीलो देवर घर ए रौ छे..

## बैठकी होली में महिलाओं ने मचाई धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद के तत्वाधान में शैल भवन में आयोजित होली महोत्सव के द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद की पुष्पा जोशी, दुर्गा शाह, सुधा पटवाल, मालती कांडपाल एवं मोहिनी बिष्ट ने संयुक्त रूप से श्री राधा कृष्ण एवं सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सुनीता पांडे ने कहां जाओगे बांके बिहारी होली होगी हमारी तुम्हारी..., लीला दनाई ने राधा भेज रही पाती छुप-छुप बैठी कुंजन में..., किरन बोरा ने मेरो रंगीलो देवर घर ए रो छे....,रेनू जोशी ने मैंने रंग ली आज चुनरिया..., नीलम कांडपाल ने मुझे मिल गया नंद का लाल...,चंदा बम ने होली खेलन आए कैलाशपति... गीत गाकर महिलाओं को थिरकन पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात अरे जा रे हट नटखट गीत में विनीता पांडे और गीता बिष्ट द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर महफिल लूटी। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया कुमांऊनी झोड़ा आकर्षण का केंद्र रहा। समारोह में परिषद अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, डी के दनाई, देवेंद्र मेहरा,दीपा जोशी,किरन जोशी, सरिता उपाध्याय, हंसी मिश्रा, प्रेमा पांडे, नलिनी पांडे, कमला भट्ट, निधि पांडे, आशा लोहनी, दीपा मटेला, भावना बलोदी, शालू मिश्रा, भावना मेहरा, मंजू दनाई, गीता भट्ट, पार्वती बोरा,कविता पांडे,कल्पना रावत, सरिता मेहरा आदि थे।

# स्वीमिंग के शौकीनों के लिए तैयार हुआ कूल पूल कैफे

## किच्छा में एक अप्रैल को होगा शुभारंभ

किच्छा(उद संवाददाता)। समाजसेवी अक्षय बाबा ने नगर के बच्चों को तैराकी के अनुभव कराने के लिए तथा भविष्य संवारने के लिए दरऊ



रोड पर द कूल पूल कैफे का निर्माण किया है। जिसमें बच्चों को स्वीमिंग के गुर सिखाने के साथ साथ किट्टी पार्टी, पूल पार्टी, हल्दी फंक्शन, रिंग सेरेमनी की भी सुविधा दी जाएगी। बच्चों को स्वीमिंग क्लासेस प्रारंभ करने वाला कूल पूल



कैफे नगर में पहली बार खोला गया है। द कूल पूल कैफे के स्वामी अक्षय बाबा ने बताया कि उनके संज्ञान में विगत कई वर्षों से यह आ रहा था कि नगर क्षेत्र में कहीं भी बच्चों को स्वीमिंग के तरीके सिखाने वाले कोई भी अध्यापक नहीं है बच्चों को स्वीमिंग का शौक रखने वाले के लिए उनके द्वारा द कूल पूल कैफे बनाने का सुझाव आया तो उनके द्वारा पूल के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों के लिए भी व्यवस्था करने का विचार उत्पन्न हुआ इन्हीं विचारों को लेकर स्वीमिंग पूल के साथ-साथ किट्टी पार्टी ,पूल पार्टी हल्दी फंक्शन, रिंग सेरेमनी के कार्यक्रमों के लिए भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इसका विधिवत संचालन 1 अप्रैल से कर दिया जाएगा जबकि प्रवेश के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ कर दिए गए हैं। जिसमें नगर के सभी बच्चों को लाभ मिलेगा।उन्होंने बताए द पूल कूल कैफे का इंट्रेंस समय 11 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगा।

